Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 17-08-2006

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

>

Title : Need to computerise the Reservation Centre at Konch Station in Jhansi Division.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जालौन-गरौठा के उत्तर-मध्य रेलवे के झांसी डीविजन में कोंच स्टेशन की ओर दिलाना चाहता हूं। यह स्टेशन करीब 150 वर्ा पुराना है। यहां से करीब 25 किलोमीटर दूर रावतपुरा धाम स्थित है एवं कोंच से 8 किलोमीटर दूर परमहंस बद्री विशाल महाराज का समाधी स्थल है। दोनों तीर्थ स्थलों पर हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री दर्शनलाभ हेतु आते हैं तथा इस स्टेशन से लगे मध्य प्रदेश के यात्री यात्रा करते हैं। कोंच स्टेशन से कम्प्यूटरीकृत आरक्षण की व्यवस्था न होने की वजह से यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरी रेल मंत्री जी से मांग है कि कोंच स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण व्यवस्था कराने का कट करें।